न्यायालय जिला कलक्टर एवं प्रथम अपीलेट अधिकारी

(सूचना अधिकार अधिनियम 2005)

पीठासीन अधिकारी आशीष मोदी (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 11/2022 अपील सू.प्र.

उनवान

श्री मोतीलाल सिंघानिया निवासी जी 37 रीको 4 फेज, पुर रोड, भीलवाड़ा।	**बनाम**	लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन), भीलवाड़ा
––अपीलार्थी		––प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

उपस्थित :–प्रत्यर्थी की ओर से विभागीय प्रतिनिधि

निर्णय

दिनांक : 02.02.2022

अपीलार्थी की ओर से यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा के विरूद्ध दिनांक 31.12.2021 को प्राप्त होकर निवेदन किया गया कि अपीलार्थी ने विहित अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत निर्धारित शुल्क का पोस्टल ऑर्डर संख्या 54 एफ 947516 राशि 10.00 रूपये के साथ एक आवेदन दिनांक 23.11.2021 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा को प्रेषित किया जो लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा को दिनांक 26.11.2021 को प्राप्त हुआ।

प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में दिनांक 13.01.2022 को पंजीबद्ध की जाकर अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को सूचना पत्र जारी किये गये तथा प्रत्यर्थी लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा द्वारा पत्रांक सू0क0अ0प्रकोष्ठ/2022/20019 दिनांक 20.01.2022 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के तथ्य इस प्रकार हैं –

1. अपीलार्थी के आवेदन–पत्र के बिन्दु संख्या 01 एवं 02 की सूचना का नियमानुसार जवाब/सूचना एवं बिन्दु संख्या 03 की आंशिक सूचना हेतु कुल पृष्ठ संख्या 01 (एक) **निःशुल्क** सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ कार्यालय हाजा के पत्रांक 20646 दिनांक 27.12.2021 से एवं बिन्दु संख्या 03 की आंशिक सूचना निर्वाचन अनुभाग, कार्यालय हाजा के पत्रांक 83165 दिनांक 16.12.2021 द्वारा भी अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित कर दी गयी है।

उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना प्रेषित कर दिये जाने से अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है।

आदेश आज दिनांक 02.02.2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर जारी किया गया।

(आशीष मोदी)
जिला कलक्टर एवं
प्रथम अपीलेट अधिकारी
भीलवाड़ा

जिला कलक्टर
भीलवाड़ा

न्यायालय जिला कलक्टर